Bharat Temples

पहले मन को साफ़ करो

पहले मन को साफ़ करो,
फिर साईं का ध्यान धरो,
फिर वो तेरी सुनेगा लाखो में तुझको चुनेगा,
पहले मन को साफ़ करो,

मन में तेरे कपट भरा है मुख से मीठा बोले,
फिर कैसे सचदानंद साईं द्वार दया का खोले,
मन वाणी को एक करो कर्मो को भी नेक करो,
फिर वो तेरी सुनेगा लाखो में तुझको चुनेगा,
पहले मन को साफ़ करो,

गैरो के दु:ख में जो अपने खुद के दु:ख को भूले,
वो अपने शुभ कर्मो से साईं के दिल को छू ले,
सबसे सदवेहवार करो दुश्मन से भी प्यार करो,
फिर वो तेरी सुनेगा,लाखो में तुझको चुनेगा ,
पहले मन को साफ़ करो,

जग का स्वामी अंतरयामी साईं भोला भाला,
भोले पण पर मोहित होता सतगुरु शिरडी वाला,
रब से मत तकरार करो हर गलती स्वीकार करो,
फिर वो तेरी सुनेगा,लाखो में तुझको चुनेगा,

पहले मन को साफ़ करो,

Source:
https://www.bharattemples.com/pehle-man-ko-saaf-karo-phir-sai-ka-dhyan-dharo-phir-vo-teri-snega-lakho-me-tujhko-chunega/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw